Series JBB/1

SET-3

कोड नं.
Code No. **32/1/3**

रोल नं.
Roll No

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

| नोट | Note |
|---|---|
| (I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **22** हैं। | (I) Please check that this question paper contains **22** printed pages. |
| (II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें। | (II) Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate. |
| (III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **35** प्रश्न हैं। | (III) Please check that this question paper contains **35** questions. |
| (IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।** | (IV) **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.** |
| (V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका में कोई उत्तर नहीं लिखेंगे। | (V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. |

# सामाजिक विज्ञान

# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* — *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* — *Maximum marks : 80*

## *सामान्य निर्देशः*

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिएः*

*(i) प्रश्न-पत्र **चार** खंडों में विभाजित किया गया है - क, ख, ग एवं घ। इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या **35** है। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) **खंड क** में प्रश्न संख्या 1 से 20 तक अतिलघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

*(iii) **खंड ख** में प्रश्न संख्या 21 से 28 तक लघूत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 80 शब्दों में लिखिए।*

*(iv) **खंड ग** में प्रश्न संख्या 29 से 34 तक दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 120 शब्दों में लिखिए।*

*(v) **खंड घ** में प्रश्न संख्या 35 मानचित्र आधारित है, यह प्रश्न 6 अंक का है जो कि इतिहास से 35(a) - (दो अंक) तथा भूगोल 35(b) - (चार अंक) से संबंधित है।*

*(vi) उत्तर संक्षिप्त तथा बिंदुवार होना चाहिए और साथ ही उपरोक्त शब्द-सीमा का यथासंभव पालन कीजिए।*

*(vii) प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है। तथापि कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। ऐसे प्रश्नों में से **केवल एक ही विकल्प का उत्तर** लिखिए।*

*(viii) मानचित्र को अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ नत्थी करें।*

*(ix) इसके अतिरिक्त, आवश्यकतानुसार, प्रत्येक खंड और प्रश्न के साथ यथोचित निर्देश दिए गए हैं।*

***General Instructions :***

*Read the following instructions very carefully and strictly follow them :*

*(i)* *Question paper comprises* ***four*** *sections – A, B, C and D. There are* ***35*** *questions in the question paper. All questions are compulsory.*

*(ii)* ***Section A –*** *Question No. 1 to 20 are very short answer type questions, carrying 1 mark each.*

*(iii)* ***Section B –*** *Question No. 21 to 28 are short answer type questions, carrying 3 marks each. Answer to each question should not exceed 80 words.*

*(iv)* ***Section C –*** *Question No. 29 to 34 are long answer type questions, carrying 5 marks each. Answer to each question should not exceed 120 words.*

*(v)* ***Section D –*** *Question No. 35 is map based carrying 6 marks with two parts 35(a) from History (2 marks) and 35(b) from Geography (4 marks).*

*(vi)* *Answer should be brief and to the point also the above word limit be adhered to as far as possible.*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper. However, an internal choice has been provided in few questions. Only one of the choices in such questions have to be attempted.*

*(viii)* *Attach MAP along with your answer-book.*

*(ix)* *In addition to this, separate instructions are given with each section and question, wherever necessary.*

## खंड–क

**1.** तालिका का अध्ययन कीजिए तथा नीचे दिए प्रश्न का उत्तर लिखिए। 1

| हरियाणा, केरल और बिहार के कुछ तुलनात्मक आँकड़े | | | |
|---|---|---|---|
| राज्य | शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 व्यक्ति (2016) | साक्षरता दर % (2011) | निवल उपस्थिति अनुपात (प्रति 100 व्यक्ति) उच्चतर (आयु 14 तथा 15 वर्ष) 2013-14 |
| हरियाणा | 33 | 82 | 61 |
| केरल | 10 | 94 | 83 |
| बिहार | 38 | 62 | 43 |

स्रोत : आर्थिक सर्वेक्षण, 2017–18 वॉल्यूम 2, भारत सरकार, राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (रिपोर्ट संख्या 575)

**प्रश्न** : केरल की तुलना में किस राज्य की शिशु मृत्यु दर सबसे अधिक है?

**2.** भारतीयों ने 'साइमन कमीशन' का विरोध क्यों किया? 1

**3.** 1878 में वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट क्यों लागू किया गया था? 1

**अथवा**

'गुलामगिरी' पुस्तक 1871 में ज्योतिबा फूले ने क्यों लिखी थी? 1

**4.** निम्नलिखित क्रांतियों में से किसे 'राष्ट्रवाद' की पहली अभिव्यक्ति कहा गया है? 1

A. फ्राँसीसी क्रांति

B. रूसी क्रांति

C. गौरवशाली क्रांति

D. उदारवादियों की क्रांति

**5.** सकल घरेलू उत्पाद की गणना किस प्रकार की जाती है? 1

**अथवा**

सार्वजनिक क्षेत्रक, निजी क्षेत्रक से किस प्रकार भिन्न है? 1

## SECTION - A

**1.** Study the table and answer the question given below. 1

| **Some comparative data on Haryana, Kerala and Bihar** | | | |
|---|---|---|---|
| State | Infant Mortality Rate per 1,000 live births (2016) | Literacy Rate % 2011 | Net Attendance Ratio (per 100 persons) secondary stage (age 14 and 15 years) 2013-14 |
| Haryana | 33 | 82 | 61 |
| Kerala | 10 | 94 | 83 |
| Bihar | 38 | 62 | 43 |

Sources : Economic Survey, 2017-18 Vol. 2, Government of India; National Sample Survey Organisation (Report No. 575)

**Question :** In comparison to Kerala which state has the highest infant mortality rate.

**2.** Why did Indians oppose the 'Simon Commission'? 1

**3.** Why was the Vernacular Press Act passed in 1878? 1

**Or**

Why was 'Gulamgiri' book written by Jyotiba Phule in 1871? 1

**4.** Which of the following revolutions is called as the first expression of 'Nationalism'? 1

A. French Revolution

B. Russian Revolution

C. Glorious Revolution

D. The Revolution of the liberals

**5.** How is GDP calculated? 1

**Or**

How is Public sector different from Private sector? 1

**6.** राजा राममोहन राय ने निम्नलिखित में से किस का प्रकाशन किया? 1

A. संवाद कौमुदी

B. शम्सुल अख़बार

C. पंजाब केसरी

D. चंद्रिका

**7.** 'चैपमेन' किनको कहा जाता था? 1

A. पुस्तक बेचने वालों को

B. कागज बेचने वालों को

C. छापेखाने में काम करने वालों को

D. 'पैनी चैप बुक्स' बेचने वालों को

**8.** स्तम्भ A तथा स्तम्भ B में से गलत विकल्प का चयन कीजिए। 1

| **स्तम्भ A**<br>**व्यक्ति की श्रेणी** | **स्तम्भ B**<br>**विकास के लक्ष्य/आकांक्षाएँ** |
|---|---|
| (a) भूमिहीन ग्रामीण मजदूर | (i) काम करने के अधिक दिन तथा बेहतर मजदूरी |
| (b) पंजाब के समृद्ध किसान | (ii) सिंचाई के लिए अतिरिक्त साधनों की उपलब्धता |
| (c) किसान जो खेती के लिए केवल वर्षा पर निर्भर हैं | (iii) किसानों को उनकी उपज के लिए ज्यादा समर्थन मूल्य |
| (d) भूस्वामी परिवार की एक ग्रामीण महिला | (iv) नियमित नौकरी और बेहतर मजदूरी अपनी आय बढ़ाने के लिए |

**9.** महिलाओं को घरेलू उत्पीड़न से बचाने के लिए कोई एक तरीका सुझाइए। 1

**अथवा**

भारत में विभिन्न समुदायों के बीच सांप्रदायिक सद्भाव बनाने का कोई एक तरीका सुझाएँ। 1

**10.** कैगा आणविक ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है? 1

A. गुजरात

B. कर्नाटक

C. पंजाब

D. केरल

**6.** Which one of the following was published by Raja Ram Mohan Roy? 1

A. Sambad Kaumudi

B. Shamsul Akhbar

C. Punjab Kesri

D. Chandrika

**7.** Who were called 'Chapmen'? 1

A. Book seller

B. Paper seller

C. Workers of printing press

D. Seller of 'penny chap books'

**8.** Choose the incorrect option from column A and column B. 1

| **Column A**<br>**Category of person** | **Column B**<br>**Developmental goals/Aspirations** |
|---|---|
| (a) Landless rural labourers | (i) More days of work and better wages |
| (b) Prosperous farmers from Punjab | (ii) Availability of other sources of irrigation |
| (c) Farmers who depend only on rain for growing crops | (iii) Assured a higher support prices for their crops |
| (d) A rural woman from a land owning family | (iv) Regular job and high wages to increase her income |

**9.** Suggest any one way to protect women from domestic oppression. 1

**Or**

Suggest any one way to create communal harmony among various communities of India. 1

**10.** In which one of the following States is Kaiga Nuclear Energy Plant located? 1

A. Gujarat

B. Karnataka

C. Punjab

D. Kerala

**11.** आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ नियंत्रण और संतुलन बनाए रखती हैं। क्षैतिज सत्ता की साझेदारी के आधार पर सही विकल्प की पहचान कीजिए। 1

A. केंद्र सरकार, राज्य सरकार, स्थानीय निकाय।

B. विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका।

C. विभिन्न सामाजिक समूहों के मध्य।

D. विभिन्न दबाव समूहों के मध्य।

**12.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिएः

——— उद्योग एक आधारभूत उद्योग है क्योंकि अन्य सभी भारी, मध्यम और हल्के उद्योग इनसे बनी मशीनरी पर निर्भर हैं। 1

**13.** 'निषेधाधिकार' शब्द को परिभाषित कीजिए। 1

**अथवा**

'कार्डिंग' शब्द को परिभाषित कीजिए। 1

**14.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

चीनी बौद्ध प्रचारक 768-770 ई. के आस-पास हाथ की छपाई की तकनीक लेकर ——— आए। 1

**अथवा**

गुटेन्बर्ग ने 1448 तक अपना छापने का यंत्र मुकम्मल कर लिया। उसने जो पहली किताब छापी वह थी ———। 1

**15.** बेल्जियम में क्षेत्रीय अंतर एवं सांस्कृतिक विविधता की समस्या के समाधान हेतु उठाए गए किसी एक कदम का उल्लेख कीजिए। 1

**16.** श्रीलंका के जातीय समूह में निम्न में से कौन से प्रमुख हैं: 1

A. ईसाई व तमिल

B. बौद्ध व हिन्दू

C. सिंहली व तमिल

D. सिंहली व ईसाई

**11.** Modern democracies maintain check and balance system. Identify the correct option based on the horizontal power sharing arrangement. 1

A. Central government, state government, local bodies.

B. Legislature, executive, judiciary.

C. Among different social groups.

D. Among different pressure groups.

**12.** Fill in the blank :

..................... Industry is the basic industry since all the other industries heavy, medium and light, depend on it for machinery. 1

**13.** Define the term 'Veto.' 1

**Or**

Define the term 'Carding.' 1

**14.** Fill in the blank :

Buddhist missionaries from China introduced hand-printing technology into ______ around A.D. 768-770. 1

**Or**

By 1448, Gutenberg perfected the system of printing. The first book he printed was the _______. 1

**15.** State any one step taken in Belgium to rule out the problem of regional differences and cultural diversities. 1

**16.** Which one of the following is a major caste group of Sri Lanka : 1

A. Christian and Tamil

B. Buddhist and Hindu

C. Sinhali and Tamil

D. Sinhali and Christian

**17.** रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :

———— उद्योग का उपयोग हवाई जहाज बनाने में, बर्तन तथा तार बनाने में किया जाता है। 1

**18.** स्तम्भ A और B में से सही विकल्प का चयन कीजिए। 1

| A | B |
|---|---|
| (a) चन्द्रपुर तापीय ऊर्जा संयंत्र | (i) ओडिशा |
| (b) मयूरभंज लौह अयस्क की खान | (ii) अमरकंटक |
| (c) कलोल तेल क्षेत्र | (iii) गुजरात |
| (d) बॉक्साइट खदान | (iv) झारखण्ड |

**19.** शहरी क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए कोई एक तरीका सुझाइये। 1

**20.** भारत का सबसे प्राचीनतम कृत्रिम समुद्री पत्तन कौन सा है? 1

**अथवा**

भारत का सबसे गहरा, स्थल से घिरा व सुरक्षित समुद्री पत्तन कौन सा है? 1

## खंड–ख

**21.** 'संघीय शासन' की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 1×3=3

**अथवा**

'एकात्मक शासन' की किन्हीं तीन विशेषताओं का वर्णन कीजिए। 1×3=3

**22.** "तृतीयक क्षेत्रक की गतिविधियाँ, प्राथमिक एवं द्वितीयक क्षेत्रकों के विकास में सहायता करती हैं।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। 3

**अथवा**

"विकास की प्रारंभिक अवस्थाओं में 'प्राथमिक क्षेत्रक' ही आर्थिक सक्रियता का सबसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रक रहा है।" इस कथन का मूल्यांकन कीजिए। 3

**17.** Fill in the blank :

________ industry is used for manufacturing aircraft, utensils and wires. 1

**18.** Choose the correct option from columns A and B. 1

| A | B |
|---|---|
| (a) Chandrapur thermal power plant | (i) Odisha |
| (b) Mayurbhanj iron ore mines | (ii) Amarkantak |
| (c) Kalol oil fields | (iii) Gujarat |
| (d) Bauxite mines | (iv) Jharkhand |

**19.** Suggest any one way to create employment in urban areas. 1

**20.** Which is the oldest artificial sea port of India? 1

**Or**

Which is the deepest, landlocked and well protected sea port of India? 1

## Section-B

**21.** Describe any three features of 'federal government.' 1×3=3

**Or**

Describe any three features of 'unitary government.' 1×3=3

**22.** "Tertiary sector activities help in the development of the primary and secondary sectors." Evaluate the statement. 3

**Or**

" 'Primary sector' was the most important sector of economic activity at initial stages of development." Evaluate the statement. 3

**23.** भारतीय संविधान में वर्णित 'धर्मनिरपेक्षता' के किन्हीं तीन लक्षणों का उल्लेख कीजिए। 1×3=3

**अथवा**

भारतीय राजनीति में 'जातिवाद' की प्रमुख समस्याओं का उल्लेख कीजिए। 1×3=3

**24.** ''सक्षम परिवहन के साधन देश के तीव्र विकास हेतु पूर्व अपेक्षित हैं।'' इस कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 3

**25.** संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के महत्त्व का वर्णन कीजिए। 3

**अथवा**

संसाधन नियोजन के विविध सोपानों का वर्णन कीजिए। 3

**26.** अठारहवीं सदी के आखिरी दशक में ब्रिटेन की तेजी से बढ़ती हुई आबादी के किन्हीं तीन प्रभावों को स्पष्ट कीजिए। 1×3=3

**अथवा**

उन्नीसवीं सदी की शुरुआत में भारत के कपड़ा निर्यात में कमी क्यों आने लगी? किन्हीं तीन कारणों को स्पष्ट कीजिए। 1×3=3

**27.** भारत में सार्वजनिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कोई तीन सुझाव लिखिए। 1×3=3

**28.** दिए गए स्रोत को पढ़िए और नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

स्रोत : **शहरों में आंदोलन**

आंदोलन की शुरुआत शहरी मध्यवर्ग की हिस्सेदारी के साथ हुई। हज़ारों विद्यार्थियों ने स्कूल-कॉलेज छोड़ दिए। हेडमास्टरों और शिक्षकों ने इस्तीफ़े सौंप दिए। वकीलों ने मुक़दमे लड़ना बंद कर दिया। मद्रास के अलावा ज़्यादातर प्रांतों में परिषद् चुनावों का बहिष्कार किया गया। मद्रास में ग़ैर-ब्राह्मणों द्वारा बनाई गई जस्टिस पार्टी का मानना था कि काउंसिल में प्रवेश के ज़रिए उन्हें वे अधिकार मिल सकते हैं जो सामान्य रूप से केवल ब्राह्मणों को मिल पाते हैं इसलिए इस पार्टी ने चुनावों का बहिष्कार नहीं किया।

**23.** Mention any three features of 'secularism' described in the Indian Constitution. 1×3=3

**Or**

Mention the problem of 'Casteism' in Indian politics. 1×3=3

**24.** "Efficient means of transport are pre-requisites for fast development of the country." Support the statement with examples. 3

**25.** Describe the importance of judicious use of resources. 3

**Or**

Describe the different steps of 'resource planning.' 3

**26.** Explain any three effects of population growth in England in the late eighteenth century. 1×3=3

**Or**

Why did the export of Indian textile decline at the beginning of the nineteenth century? Explain any three reasons. 1×3=3

**27.** Suggest any three ways to improve public facilities in India. 1×3=3

**28.** Read the source given below and answer the questions that follows:

Source : **The Movement in the Towns**

The movement started with middle-class participation in the cities. Thousands of students left government-controlled schools and colleges, headmasters and teachers resigned, and lawyers gave up their legal practices. The council elections were boycotted in most provinces except Madras, where the Justice Party, the party of the non-Brahmans, felt that entering the council was one way of gaining some power–something that usually only Brahmans had access to.

आर्थिक मोर्चे पर असहयोग का असर और भी ज़्यादा नाटकीय रहा। विदेशी सामानों का बहिष्कार किया गया, शराब की दुकानों की **पिकेटिंग** की गई, और विदेशी कपड़ों की होली जलाई जाने लगी। 1921 से 1922 के बीच विदेशी कपड़ों का आयात आधा रह गया था। उसकी क़ीमत 102 करोड़ से घटकर 57 करोड़ रह गई। बहुत सारे स्थानों पर व्यापारियों ने विदेशी चीजों का व्यापार करने या विदेशी व्यापार में पैसा लगाने से इनकार कर दिया। जब बहिष्कार आंदोलन फैला और लोग आयातित कपड़े को छोड़कर केवल भारतीय कपड़े पहनने लगे तो भारतीय कपड़ा मिलों और हथकरघों का उत्पादन भी बढ़ने लगा।

28.1 परिषद् चुनावों के बहिष्कार के संबंध में 'जस्टिस पार्टी' की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। 1

28.2 'आर्थिक मोर्चे पर असहयोग आंदोलन' का असर नाटकीय क्यों रहा? 1

28.3 'विदेशी कपड़ा व्यापार' पर 'बहिष्कार' आंदोलन से पड़े प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। 1

## खंड–ग

**29.** ''बैंक, देश के आर्थिक विकास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।'' कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 5

**अथवा**

''ऋण कभी-कभी कर्जदारों को ऐसी परिस्थिति में धकेल देता है जहाँ से निकलना काफी कष्टदायक होता है।'' कथन की उदाहरणों सहित पुष्टि कीजिए। 5

**30.** प्रारंभिक जीविका निर्वाह कृषि की किन्हीं पाँच विशेषताओं का वर्णन कीजिए। $1\times5=5$

**31.** लोकतंत्र में प्रतिपक्ष की भूमिका का वर्णन कीजिए। 5

**32.** ''लोकतांत्रिक शासन व्यवस्थाएँ शांति और सद्भाव का जीवन जीने में नागरिकों के लिए मददगार होती हैं।'' उदाहरणों सहित कथन की पुष्टि कीजिए। 5

The effects of non-cooperation on the economic front were more dramatic. Foreign goods were boycotted, liquor shops **picketed**, and foreign cloth burnt in huge bonfires. The import of foreign cloth halved between 1921 and 1922, its value dropping from Rs. 102 crore to Rs. 57 crore. In many places merchants and traders refused to trade in foreign goods or finance foreign trade. As the boycott movement spread, and people began discarding imported clothes and wearing only Indian ones, production of Indian textile mills and handlooms went up.

28.1 Explain the role of 'Justice Party' in boycotting of council elections. 1

28.2 How was the effects of 'non-cooperation on the economic front' dramatic? 1

28.3 Explain the effect of 'Boycott' movement on 'foreign textile trade'. 1

## Section-C

**29.** "Bank plays an important role in the economic development of the country." Support the statement with examples. 5

**Or**

"Credit sometimes pushes the borrower into a situation from which recovery is very painful." Support the statement with examples. 5

**30.** Describe any five features of primitive subsistence farming. 1×5=5

**31.** Describe the role of opposition party in democracy. 5

**32.** "Democracies lead to peaceful and harmonious life among citizens." Support the statement with examples. 5

**33.** नीचे दिए गए स्रोतों को पढ़िए और उनके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

**स्रोत क – अन्तरदेशीय उत्पादन**

बीसवीं शताब्दी के मध्य तक उत्पादन मुख्यतः देशों की सीमाओं के अंदर ही सीमित था। इन देशों की सीमाओं को लांघने वाली वस्तुओं में केवल कच्चा माल, खाद्य पदार्थ और तैयार उत्पाद ही थे। भारत जैसे उपनिवेशों से कच्चा माल एवं खाद्य पदार्थ निर्यात होते थे और तैयार वस्तुओं का आयात होता था। व्यापार ही दूरस्थ देशों को आपस में जोड़ने का मुख्य जरिया था। यह बड़ी कंपनियाँ थीं, जिन्हें **बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ** कहते हैं।

**स्रोत ख – विदेशी व्यापार और बाज़ारों का एकीकरण**

सरल शब्दों में कहा जाए, तो विदेश व्यापार घरेलू बाज़ारों अर्थात् अपने देश के बाज़ारों से बाहर के बाज़ारों में पहुँचने के लिए उत्पादकों को एक अवसर प्रदान करता है। उत्पादक केवल अपने देश के बाज़ारों में ही अपने उत्पाद नहीं बेच सकते हैं, बल्कि विश्व के अन्य देशों के बाज़ारों में भी प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। इसी प्रकार, दूसरे देशों में उत्पादित वस्तुओं के आयात से खरीददारों के समक्ष उन वस्तुओं के घरेलू उत्पादन के अन्य विकल्पों का विस्तार होता है।

**स्रोत ग – भारत में वैश्वीकरण का प्रभाव**

वैश्वीकरण और उत्पादकों – स्थानीय एवं विदेशी दोनों, के बीच वृहतर प्रतिस्पर्धा से उपभोक्ताओं, विशेषकर शहरी क्षेत्र में धनी वर्ग के उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। इन उपभोक्ताओं के समक्ष पहले से अधिक विकल्प हैं और वे अब अनेक उत्पादों की उत्कृष्ट गुणवत्ता और कम कीमत से लाभान्वित हो रहे हैं। परिणामतः ये लोग पहले की तुलना में आज अपेक्षाकृत उच्चतर जीवन स्तर का आनन्द ले रहे हैं। उत्पादकों और श्रमिकों पर वैश्वीकरण का एकसमान प्रभाव नहीं पड़ा है।

**स्रोत क – अन्तरदेशीय उत्पादन**

33.1 बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ किस प्रकार संसार के देशों को जोड़ रही हैं? 1

**33.** Read the sources given below and answer the questions that follow :

**Source A - Production across countries**

Until the middle of the twentieth century, production was largely organised within countries. What crossed the boundaries of these countries were raw material, food stuff and finished products. Colonies such as India exported raw materials and food stuff and imported finished goods. Trade was the main channel connecting distant countries. This was before large companies called multinational corporations (MNCs) emerged on the scene.

**Source B - Foreign trade and integration of markets**

Foreign trade creates an opportunity for the producers to reach beyond the domestic markets, i.e., markets of their own countries. Producers can sell their produce not only in markets located within the country but can also compete in markets located in other countries of the world. Similarly, for the buyers, import of goods produced in another country is one way of expanding the choice of goods beyond what is domestically produced.

**Source C - Impact of globalisation in India**

Globalisation and greater competition among producers – both local and foreign producers - has been of advantage to consumers, particularly the well-off sections in the urban areas. There is greater choice before these consumers who now enjoy improved quality and lower prices for several products. As a result, these people today, enjoy much higher standards of living than was possible earlier.

**Source A - Production across countries**

33.1 How are MNCs a major force in connecting the countries of the world? 1

**स्रोत ख – विदेशी व्यापार और बाज़ारों का एकीकरण**

33.2 विदेशी व्यापार किस प्रकार देशों को जोड़ने का प्रमुख मार्ग है? 2

**स्रोत ग – भारत में वैश्वीकरण का प्रभाव**

33.3 वैश्वीकरण किस प्रकार उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी है? 2

**34.** यूरोप में उन्नीसवीं सदी के शुरुआती दशकों में राष्ट्रीय एकता के विचार उदारवाद से किस प्रकार जुड़े थे? स्पष्ट कीजिए। 5

**अथवा**

यूनान के स्वतंत्रता संग्राम ने किस प्रकार यूरोप के शिक्षित अभिजात वर्ग में राष्ट्रीय भावनाओं का संचार किया? व्याख्या कीजिए। 5

## खंड–घ

## मानचित्र कौशल आधारित प्रश्न

**35.** (a) दो लक्षण 'A' और 'B' दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में अंकित किए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की सहायता से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर खींची गई रेखाओं पर लिखिए। 1×2=2

(A) वह स्थान जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ।

(B) वह स्थान जहाँ से नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन प्रारंभ हुआ।

(b) इसी दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा–मानचित्र में निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** को उपयुक्त चिह्नों से दर्शाइए और उनके नाम लिखिए। 1×4=4

| | |
|---|---|
| (i) सरदार सरोवर | बाँध |
| (ii) भिलाई | लोहा और इस्पात संयंत्र |
| (iii) पुणे | सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क |
| (iv) कोच्चि | प्रमुख समुद्री पत्तन |
| (v) इंदौर | सूती वस्त्र उद्योग |
| (vi) नरोरा | आणविक ऊर्जा संयंत्र |

**Source B - Foreign trade and integration of markets**

33.2 How does foreign trade become a main channel in connecting countries? 2

**Source C - Impact of globalisation in India**

33.3 How is globalisation beneficial for consumers? 2

**34.** How did ideas of national unity in early nineteenth century Europe allied to the ideology of liberalism? Explain. 5

**Or**

How did Greek war of independence mobilise nationalist feelings among the educated elite across Europe? Explain. 5

## Section-D

## Map Skill Based Question

**35.** (a) Two features 'A' and 'B' are marked on the given political outline map of India. Identify these features with the help of the following informations and write their correct names on the lines marked near them. 1×2=2

(A) The place where the Indian National Congress Session was held.

(B) The place where the movement of Indigo planters was started.

(b) Locate and label any **four** of the following with appropriate symbols on the same given political outline map of India. 1×4=4

| | |
|---|---|
| (i) Sardar Sarovar | Dam |
| (ii) Bhilai | Iron and Steel Plant |
| (iii) Pune | Software Technology Park |
| (iv) Kochi | Major Sea Port |
| (v) Indore | Cotton Textile Industry |
| (vi) Naraura | Nuclear Power Plant |

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न **केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** प्रश्न संख्या 35 के स्थान पर हैं। किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर लिखने हैं।

35.1 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपना अधिवेशन 1920 में आयोजित किया। 1

35.2 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ से नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन प्रारंभ हुआ। 1

35.3 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ जलियांवाला बाग घटना घटित हुई। 1

35.4 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ सरदार सरोवर बाँध स्थित है। 1

35.5 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ भिलाई लोहा और इस्पात संयंत्र स्थित है। 1

35.6 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ पुणे सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क स्थित है। 1

35.7 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ कोच्चि 'समुद्री पत्तन' स्थित है। 1

35.8 उस राज्य का नाम लिखिए, जहाँ इंदौर सूती वस्त्र उद्योग स्थित है। 1

**Note :** The following questions are for **Visually Impaired Candidates only** in lieu of Q. No. 35. Attempt any **six** questions.

35.1 Name the State where the session of Indian National Congress was held in 1920. 1

35.2 Name the State where the movement of Indigo planters was started. 1

35.3 Name the State where the Jallianwala Bagh massacre occured. 1

35.4 Name the State where Sardar Sarovar Dam is located. 1

35.5 Name the State where Bhilai Iron and Steel plant is located. 1

35.6 Name the State where Pune Software Technology Park is located. 1


35.7 Name the State where Kochi 'Sea Port' is located. 1

35.8 Name the State where Indore cotton textile industry is located. 1

Map for Q. No. 35

नक्शा प्रश्न संख्या 35 के लिए

✂ Cut Here यहाँ से काटें




✂ Cut Here यहाँ से काटें